Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **डूंगरपुर में अजमेर डिस्कॉम का सहायक अभियंता 50 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *29 जनवरी, सोमवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इकाई द्वारा आज डूंगरपुर में कार्यवाही करते हुये राजेन्द्र कुमार सांवरिया सहायक अभियंता (प.व.स.) साबला, अजमेर डिस्कॉम, जिला डूंगरपुर को परिवादी से **50 हजार रूपये** की रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (कार्यवाहक महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की उदयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म द्वारा जीएसएस साबला क्षेत्र में किये गये पेटी कान्ट्रेक्ट विद्युत पोल लगाने के कार्यों के बिल पास करने की एवज में राजेन्द्र कुमार सांवरिया सहायक अभियंता (प.व.स.) साबला, अजमेर डिस्कॉम, जिला डूंगरपुर द्वारा **85 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी उदयपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह राठौड़** के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्रीमती डॉ. सोनू शेखावत** द्वारा मय टीम के डूंगरपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये राजेन्द्र कुमार सांवरिया पुत्र श्री परमानन्द सांवरिया निवासी आसुलाई रोड़, वार्ड नं0 15, चाकसू, जयपुर हाल निवासी पुरोनी कॉलोनी, शिव मंदिर के पास, धरियावद, जिला प्रतापगढ़ हाल सहायक अभियंता (प.व.स.) साबला, अजमेर डिस्कॉम, जिला डूंगरपुर को परिवादी से **50 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुये गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (कार्यवाहक महानिदेशक) ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**